# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 560 वर्ष 42

राँची, 30 सितम्बर, 2020

## श्री पी.एम. प्रसाद ने सीएमडी, सीसीएल का पदभार संभाला



सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद

विगत 01 सितम्बर को श्री पी.एम. प्रसाद ने सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, राँची में अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सीसीएल का पदभार ग्रहण किया। सांध्यवेला में श्री प्रसाद के आगमन उपरांत श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी/संचालन), सीसीएल एवं श्री एन.के. अग्रवाल, निदेशक (वित्त),सीसीएल व अन्य ने पुष्प–गुच्छ से उनका सीसीएल में स्वागत किया।

सीसीएल में नियुक्ति के पूर्व, श्री प्रसाद, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में अप्रनि के पद पर पदस्थापित थे। निवर्तमान अप्रनि श्री गोपाल सिंह को बीसीसीएल का अप्रनि नियुक्त किया गया है। उस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन आभियांत्रिकी की पढ़ाई पूरी करने के पश्चात श्री प्रसाद ने अपने व्यावसायिक जीवन का आरंभ वर्ष 1984 में कोल इंडिया से किया। डब्लूसीएल में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त श्री प्रसाद ने विभिन्न पदों पर अपना योगदान दिया और अंततः महाप्रबंधक नियुक्त किए गए। वह इस कार्यावधि के दौरान डब्लूसीएल एवं एमसीएल में भी पदस्थापित रहे हैं।

मई, 2015 में श्री प्रसाद का चयन एनटीपीसी में कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) के पद पर हुआ। तत्पश्चात, 01 फरवरी, 2018 को उन्हे निदेशक(तकनीकी/ योजना एवं परियोजना),एनसीएल नियुक्त किया गया। साथ ही, उन्हें निदेशक (तक./संचालन), बीसीसीएल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। उनके वृहत अनुभव तथा तकनीकी एवं प्रबंधकीय कौशल को दृष्टिगत करते हुए , 02 अगस्त, 2019 को श्री प्रदसाद को बीसीसीएल का अप्रनि नियुक्त किया गया।

श्री प्रसाद ने वर्ष 1991 में आईएसएम, धनबाद से ओपेन कास्ट माइनिंग में एमटेक किया। अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न पदों पर सेवारत रहते हुए उनके योगदान, उत्कृष्ट कार्यों एवं अनेक पहलों के लिए उन्हे समय–समय पर विभिन्न पुरस्कारों, प्रशंसा–पत्र आदि से अलंकृत किया गया है।

## अप्रनि के अध्यक्षता में संयुक्त संचालन सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

विगत दिनांक 05.09.2020 को श्री पी.एम. प्रसाद, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की अध्यक्षता में संयुक्त सलाहकार संचालन समिति (जेसीएससी) की बैठक संपन्न हुई। वर्तमान कोविड–19 महामारी के प्रसार को दृष्टिगत करते हुए व सामाजिक दूरी का अनुपालन करते हुए विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा द्वारा माननीय सदस्यगणों ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री प्रसाद ने दरभंगा हाउस परिसर(नया भवन), सीसीएल से वर्चुअल माध्यम की सहायता से सभी सदस्यों को संबोधित किया।

उक्त बैठक में अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित श्री भोला सिंह, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना), श्री एन.के.अग्रवाल, निदेशक (वित्त), श्री उमेश सिंह, महाप्रबंधक (औ.सं.) तथा सभी श्रमिक संघों के प्रतिनिधि सदस्यगण एवं मुख्यालय के अन्य महाप्रबंधकगण /विभागाध्यक्ष व अन्य उपस्थित थे। इस बैठक में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम द्वारा श्री विनय रंजन, निदेशक (कार्मिक), ईसीएल (सीसीएल का अतिरिक्त प्रभार) भी उपस्थित रहे। वर्ष 2020–21 की प्रथम बैठक में माननीय सदस्यों के परिचय प्राप्ति के उपरांत पूर्व–राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के स्वर्गवास, गलवान घाटी में शहीद जवानों एवं कोरोना के कारण सीसीएल कार्मिकों की असामयिक मृत्यु पर एक मिनट के मौन के साथ उन्हें श्र)ांजलि अर्पित की गई। बैठक में स्वास्थ्य, कल्याण, सुरक्षा, आवासीय सुविधा एवं परियोजना आदि विषयों पर मुख्य रूप से संक्षिप्त विचार–विमर्श किया गया।

## सीसीएल के लाल लाडली के 19 बच्चे जेईई (मुख्य) में सफल आगामी जेईई (एडवान्स) के लिए किया क्वालीफाई

सीसीएल के लाल – सि)ांत शेखर ने 99.25 पर्सेन्टाईल के साथ सीसीएल के लाल/लाडली में प्रथम स्थान प्राप्त किया और जनजातीय समाज के छात्र विक्की नायक ने 98.6 पर्सेन्टाईल प्राप्त कर अपना दमखम दिखाया। तृतीय स्थान पर रहे अभिषेक कुमार सिन्हा ने 97.44 और अनुसचित जाति समाज से आने वाले बिट्टू कुमार ने 96.8 पर्सेन्टाईल प्राप्त किया।

सीसीएल के लाल एवं लाडली के कुल 28 बच्चों में से 19 ने जेईई (मुख्य) में सफलता प्राप्त की है।

अप्रनि, सीसीएल श्री पी एम प्रसाद, निदेशकगण तथा महाप्रबंधक, सीएसआर ने बच्चों को बधाई दी एवं आगामी जेईई एडवांस के लिए शुभकामनाएँ भी व्यक्त की । उन्होंने लाल/लाडली के प्रशिक्षकों सहित पूरी सीएसआर की टीम के इस अच्छे कार्य की सराहना करते हुए बधाईयाँ दी ।

सीसीएल की इस महत्वाकांक्षी सीएसआर योजना के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों को सीसीएल में कार्यरत आईआईटी उत्तीर्ण अधिकारीगण प्रशिक्षण देते हैं। निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ साथ निशुल्क आवासीय एवं विद्यालयी शिक्षण की भी सुविधा दी जाती है।



सीसीएल के लाल एवं लाडली के सफल बच्चे

2012 में स्थापित इस संस्थान सीसीएल के लाल एवं लाडली के अब तक के सभी बैच के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आईआईटी / एनआईटी समेत देश के प्रख्यात इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त किया है।

## सीसीएल एवं सिपेट के मध्य युवाओं के निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु समझौता ज्ञापन

झारखंड के युवाओं के कौशल विकास के लिए 28 सितम्बर,2020 को सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सिपेट), राँची और सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया । सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री ए.के.सिंह एवं सिपेट, राँची के निदेशक श्री ए .के. राव ने हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के अंतर्गत सीसीएल के 320 परियोजना प्रभावित युवाओं को निःशुल्क छमाही आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से देश के विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

## सीसीएल में पेंशन अदालत का आयोजन लाभार्थियों को पीपीओ प्रदान किया गया

विगत 23 सितम्बर को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, राँची स्थित 'विचार मंच' में सोशल डीस्टेंसिंग का पालन करते हुये 'पेंशन अदालत' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीसीएल के लगभग 50 सेवानिवृत्त कर्मी उपस्थित थे। पेंशन अदालत में सीएमपीएफ पेंशन धारकों ने अपनी समस्याओं को सीएमपीएफ एवं सीसीएल प्रबंधन के समक्ष रखा द्य

पेंशन अदालत में लगभग 66 शिकायतें प्राप्त हुईं है जिसका शीघ्रातिशीघ्र निष्पादन सीसीएल प्रबंधन एवं सीएमपीएफ कार्यालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा द्य पेंशन अदालत के दौरान 7 लाभार्थियों को पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) निर्गत किया गया।

## सीसीएल में 'राजभाषा माह' का आयोजन

सीसीएल में 01–30 सितम्बर के दौरान 'राजभाषा–माह' का आयोजन किया गया। कोविड–19 के मद्देनजर राजभाषा माह के दौरान विभिन्न ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं इकाइयों के कर्मियों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर एक वेबिनार का भी आयोजन किया गया जिसका विषय 'हिन्दी का भविष्य एवं भविष्य की हिन्दी' था।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग, राँची विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.जंगबहादुर पांडेय एवं हिन्दी विभाग, संत ज़ेवियर कॉलेज, राँची के विभागाध्यक्ष डा. कमल कुमार बोस थे। अप्रनि श्री पी. एम. प्रसाद ने अपने संदेश में कर्मियों को अधिक से अधिक हिन्दी में कार्य करने को कहा।'

## सीसीएल में 'गांधीवाद : विश्व शांति एवं विकास का आधार' विषय पर वेबिनार का आयोजन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 30 सितम्बर,2020 को सीसीएल मुख्यालय में 'गांधीवाद : विश्व शांति एवं विकास का आधार' विषय पर 'वेबिनार' का आयोजन किया गया। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता झारखंड के वरिष्ठ व गांधीवादी पत्रकार श्री मधुकर थे।

मुख्य वक्ता श्री मधुकर ने कहा कि गांधीजी का जीवन जीना न सिर्फ सबसे आसान है बल्कि मानव कल्याण के लिए यही एकमात्र रास्ता है। अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) – श्री वीके. श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष तथा सीसीएल के समस्त कमान क्षेत्रों से कार्मिक वीसी के माध्यम से जुड़े।

## सीसीएल द्वारा दिव्यांग जनों के मध्य निःशुल्क कृत्रिम उपकरण एवं ट्रायसाईकल आदि का वितरण

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा 28 एवं 24 सितम्बर को रामगढ़ जिला अंतर्गत के रामगढ़ एवं मांडू प्रखंड में 97 दिव्यांग जनों के मध्य निःशुल्क कृत्रिम उपकरण एवं ट्रायसाईकल आदि का वितरण किया गया। इस वितरण समारोह में जिला प्रशासन एवं सीसीएल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

कोरोना वैश्विक महामारी के कारण "सम्मान समारोह" कार्यक्रम सेन्ट्रल कोलफील्डस लिमिटेड (सीसीएल) में स्थगित था। मार्च, 2020 में सेवानिवृत कर्मियों सहित सितम्बर, 2020 में सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को भी विगत 30 सितम्बर को 'सम्मान समारोह' में भावभीनी विदाई दी गई।

सितम्बर, 2020 में कुल 06 सीसीएल कर्मी तथा मार्च, 2020 में कुल 055 सीसीएल कर्मी सेवानिवृत हुए।

सभी को पुष्पमाला, पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह, सम्मान पत्र, सेवाकाल प्रमाण–पत्र, ग्रेच्यूटी चेक तथा मेडिकल कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों को तुलसी का पौधा भी दिया गया।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)